हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 20 दिसंबर 2025

04 3 महीने में 40 फीसदी भी नहीं बन पाई अंडरब्रिज...



08 विद्यार्थियों को खेल के प्रति जागरुक करने व...





विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 23 को किया जाएगा मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन

# अनमेप्ड मतदाताओं को समयबद्ध तरीके से नोटिस प्रदाय किए जाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत 23 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा।

शुक्रवार को एसआईआर 2026 के तहत की जा रही कार्यवाहियों की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने समीक्षा की। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव रंजन पांडे, एनएलएमटी पंकज दुबे, निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे उपस्थित रहे। साथ ही जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए।




### नए मतदाता हों शामिल

बैठक के दौरान बताया गया की 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु नवीन पात्र मतदाता भी फॉर्म 6 भरकर अपना नाम दर्ज करवा सकेंगे।

### एसआईआर के सांकेतिक दस्तावेज

केंद्रीय / राज्य सरकार / सार्वजनिक उपक्रम द्वारा नियमित कर्मचारी / पेंशनर को जारी पहचान पत्र / पेंशन भुगतान आदेश, भारत में किसी सरकारी / स्थानीय निकाय / बैंक / डाकघर / एलआईसी / सार्वजनिक उपक्रम द्वारा 01.07.1987 से पूर्व जारी कोई पहचान पत्र / प्रमाण-पत्र / दस्तावेज, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट, किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिक/शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण-पत्र, -वन अधिकार प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी/एससी/एसटी या अन्य जाति प्रमाण-पत्र। राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, राज्य/स्थानीय निकाय द्वारा तैयार पारिवारिक रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी भूमि / मकान आवंटन प्रमाण-पत्र, आदि।

### अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करें सभी ईआरओ

बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए की एस आई आर 2026 के तहत अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएं। जिससे वे निर्धारित समयावधि में ईआरओ कार्यालय पहुंच कर अपने दस्तावेज प्रस्तुत करें। इसके लिए उचित कार्य योजना तैयार कर समयबद्ध तरीके से मतदाताओं को नोटिस प्रदाय कर उनकी तामिली लिए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि अनमैप्ड मतदाताओं को प्रदाय किए जाने वाले नोटिस पर ही दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु दिनांक भी अंकित की जाएगी उक्त दिनांक पर उपस्थित होकर मतदाता अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि इस दौरान ईआरओ कार्यालय में दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए आने वाले मतदाताओं की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की नोटिस की तामीली किए जाने से लेकर दावे आपत्ति प्राप्त किए जाने तक की प्रक्रिया के लिए सभी बीएलओ सहित अन्य निर्वाचन अमले को कार्योन्मुख किया जाए। बैठक के दौरान बताया गया कि 23 दिसंबर से नर्मदापुरम जिले की विधानसभा क्षेत्र सिवनी मालवा होशंगाबाद पिपरिया एवं सोहागपुर के 10984 ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे जिनका विवरण एसआईआर 2003 के अनुरूप अप्राप्त रहा (अनमैप्ड मतदाता) ऐसे मतदाताओं की सुनवाई 23 दिसंबर 2025 से की जाएगी जहां मतदाताओं को अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

## होम साइंस कॉलेज में हुई इको फ्रेंडली नवाचार कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में इको क्लब के माध्यम से इको फ्रेंडली नवाचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में आनंद पटेल पर्यावरणविद, पर्यावरण शिक्षा एवं संरक्षण समिति भोपाल को आमंत्रित किया गया।

जिन्होंने कालेज में इको ब्रिक्स, सीड बॉल एवं बायोएंजाइम निर्माण करने की तकनीक से अवगत कराया एवं छात्राओं को इसका व्यावहारिक अभ्यास भी करवाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने बताया कि इको ब्रिक्स कचरा प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण और संसाधन संरक्षण का सरल एवं प्रभावी उपाय है। यदि समुदाय स्तर पर इन्हे अपनाया जाये तो यह स्वच्छ और सतत पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है। सीड बॉल हरित विस्तार, जैव विविधता संरक्षण और जलवायु संतुलन का एक सरल और प्रभावी माध्यम है। सामूहिक प्रयासों से यह तकनीक स्वच्छ, हरा भरा और टिकाऊ पर्यावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

महाविद्यालय में बायोएंजाइम के निर्माण की तकनीक भी सिखाई गई जो पौधों में वृद्धि बढ़ाने में सहायक होता है, मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाता है और रासायनिक उर्वरकों का एक उपयुक्त विकल्प है। यह कचरा प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण और टिकाऊ जीवन शैली को बढ़ावा देता है। इसका उपयोग स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ्य पारिस्थितिक तंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## खबर संक्षेप

### तोमर बने कार्यवाहक संभागीय अध्यक्ष



**माखन नगर।** जनपद पंचायत माखन नगर की ग्राम पंचायत आरी में पदस्थ सचिव सुरेंद्र तोमर को मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत ने नर्मदापुरम संभाग का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है तोमर के संभाग के कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त होने पर नर्मदा पुरम बैतूल एवं हरदा जिले के सचिव संगठन के सदस्यों ने हर्ष करते हुए वरिष्ठ पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया है एवं तोमर से अपेक्षा की है वह संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाएंगे एवं पंचायत सचिवों के हितों के लिए सदैव संघर्ष के लिए तत्पर रहेंगे।

### कार्तिक वर्मा बने नगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष

**माखन नगर।** सेवादल जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता सेवादल यंग बिग्रेड के गज्जू तिवारी ने कार्तिक वर्मा को कांग्रेस सेवादल के नगर अध्यक्ष नियुक्त किया हैं कार्तिक वर्मा को माखन नगर में आकर नियुक्ति पत्र दिया। इस मौके पर सेवादल संगठन के पदाधिकारी सुबोध दुबे ब्लॉक अध्यक्ष सेवादल वरिष्ठ कांग्रेस कुलदीप मिश्रा शैलेंद्र जोशी अंकुर सिंह अरुण तिवारी रत्नेश बडगूजर जितेंद्र चौधरी संजय दुबे तरुण सोनी उत्कर्ष विजय यादव मुकेश चौहान राजपूत शैलेंद्र दुबे शेरूभाई राजेश प्रियांशु दुबे मौजूद रहे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आज

**सोहागपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर द्वारा आज वार्षिकोत्सव दौरान डॉ. अरविंद सिंह चौहान स्मृति अलंकरण तथा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किये जा रहे हैं। सोहागपुर शिक्षा समिति सचिव हमीर सिंह चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम कॉलेज परिसर में दोपहर एक बजे से होगा। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी होंगे।

## क्षत्राणियों ने मिलन समारोह में निकाली वाहन रैली, बच्चों ने दी अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर के नर्मदाघाट पर क्षत्रिय समाज की मातृशक्ति ने क्षत्राणि मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन मां नर्मदा आरती के साथ सर्किट हाउस घाट पर ममता जीजा और प्रदेश पदाधिकारी द्वारा किया गया। इसके साथ ही एक विशाल वाहन रैली निकाली गई जो सर्किट हाउस से प्रारंभ होकर नर्मदा कॉलेज के सामने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर प्रदेश अध्यक्ष ममता जीजा एवं जिला अध्यक अंजू राजपूत द्वारा माल्यार्पण कर किया गया।

इस दौरान अतिथियों का स्वागत वहीं बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। जिनमें बच्चों द्वारा नृत्य, श्रीराधे, वैष्णवी, तनीषा का नृत्य, सुलेखा जीजा द्वारा तलवार बाजी आकर्षण का केन्द्र रही।

इस दौरान प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान, नियुक्ति पत्रों का वितरण, सभी अतिथियों एवं जिला टीम के सभी लोगों का उद्घोषण किया गया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष अंजू राजपूतद्वारा आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में जिला टीम से ममता राजपूत, कविता राजपूत, मोनिका राजपूत, नीतू राजपूत, मोनिका राजपूत, श्वेता राजपूत, प्रीति बघेल आदि मातृशक्ति शामिल रहीं।

## नपा सभाकक्ष में त्यौहारों पर स्वच्छता अभियान को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



गुरूवार को नगरपालिका परिषद के कार्यालय में स्वच्छता में कसावट लाने, आने वाले त्यौहारों मां नर्मदा जयंती पर साफ सफाई पर विशेष फोकस के चलते बैठक का आयोजन किया गया।

नोडल अधिकारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपा के सभाकक्ष में स्वच्छता को लेकर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर स्वच्छता निरीक्षक और सुपरवाईर्स की बैठक में वीआईपी रोड, रसूलिया रोड, ओवर ब्रिज, आईटीआई रोड सहित घाटों पर विशेष स्वच्छता रखें।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा — सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आॅफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## पं. अविनाश मिश्रा ने कथा विश्राम दिवस पर श्रीकृष्ण सुदामा मित्रता की कथा का कराया भक्तों को रसपान

### गीता मैरिज पैलेस में जारी है श्रीमद् भागवत कथा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्थानीय गीता मैरिज पैलेस में महर्षि याज्ञवल्क्य सनातन कल्याण समिति द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत मूलपाठ संगीतमय भागवत कथा के मंगलमय विश्राम दिवस की कथा में कथा व्यास आचार्य अविनाश मिश्रा ने श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की द्वारका लीलाओं, भक्त सुदामा के चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग सुनाए ।आचार्य मिश्रा जी ने बताया कि सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते।

पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। इस लिए कहा गया है कि जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं।

इस अवसर पर डॉ सीतासरन शर्मा विधायक, श्री राजो मालवीय , पूर्व सहकारी बैंक अध्यक्ष भरतसिंह राजपूत ,भाजपा अपूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश तिवारी ,रोहित गौर ,कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी, नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष अनोखी लाल राजोरिया ,हंसराय भगवान सिंह नगर , एडवोकेट विष्णु यादव, आनंद पांडे , राजकुमार मालवीय, उपेंद्र पांडे, चंचल राजपूत ,पार्षद महिमा गौर, पार्षद प्रेमा पांडे ,ऋचा शर्मा , सुनंदा तिवारी, अखिलेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रोता गण उपस्थित थे ।

### श्री राम जानकी मंदिर में अनुष्ठान का समापन

**माखन नगर।** शनिचरा बाजार में श्री राम जानकी मंदिर में विद्वान पुरोहितों द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण शिव पुराण नर्मदा पुराण देवी भागवत एवं 25100 महामृत्युंजय जाप का आयोजन का समापन आचार्य पंडित सुनील परसाई जी के मार्गदर्शन में हुआ जिसमें नगर के विद्वान ब्राह्मण मनोज द्विवेदी अशोक द्विवेदी प्रदीप भट्ट अभिषेक तिवारी ललित चौबे प्रमोद परसाई हर्षित दुबे लखन शर्मा कमलेश परसाई भगवती प्रसाद तिवारी गिरीश पांडे मनमोहन दुबे एवं राजेंद्र दुबे के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ आयोजक एवं मुख्य जजमान छिंदवाड़ा जुन्नारदेव के लक्ष्मण परस्ते के सौजन्य से हुआ।



## अयोध्या-काशी दर्शन के लिए जत्था रवाना



**इटारसी।** नगर की धार्मिक संस्था श्री स्वप्नेश्वर हनुमान धाम मंदिर समिति, मालवीयगंज द्वारा चौथे वर्ष में शुक्रवार, 19 दिसंबर को समिति के अध्यक्ष मुकेश मिहानी के नेतृत्व में 101 तीर्थयात्रियों का जत्था अयोध्या, बनारस और काशी धाम के लिए रवाना हुआ। शुक्रवार शाम 4:30 बजे सभी श्रद्धालु स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर एकत्र हुए, जहां जय श्री राम के जयकारों के साथ आजमगढ़ एक्सप्रेस से तीर्थयात्रा की शुरुआत हुई। इस जत्थे में 101 महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हैं।

## नायडू इटारसी में करेंगी कांग्रेसजनों से चर्चा

**इटारसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सह प्रभारी उषा नायडू 21 दिसंबर, रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में दोपहर 12:00 से 3:00 तक कांग्रेस जनों से चर्चा करेंगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे ने बताया कि श्रीमती नायडू जिले में एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण कार्य के संबंध में जानकारी हेतु कांग्रेसजनों कि मीटिंग लेंगी।

### ई-वाहन बिक्री में फर्जीवाड़ा, लाखों रुपए के राजस्व चोरी की आशंका

# बिना आरटीओ रजिस्ट्रेशन रुद्र मोटर्स ने दो दर्जन से अधिक ई-रिक्शा बेचे

किसी न किसी प्रकार से लोग अपनी जेब भरने और शासन को चूना लगाने की राह खोज लेते हैं। इटारसी के रुद्र मोटर्स के विरुद्ध इसी प्रकार बिना आरटीओ रजिस्ट्रेशन वाहन बेचकर शासन को राजस्व हानि पहुंचाने की शिकायत की गई है।



हरिभूमि न्यूज इटारसी

शहर में खेड़ा स्थित रुद्र मोटर्स द्वारा ई-वाहनों की बिक्री के नाम पर शासन को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगाने और आम जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ करने का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। इटारसी-नर्मदापुरम मार्ग पर संचालित 'रूद्र मोटर्स' द्वारा बिना वैध कागजी कार्रवाई के धड़ल्ले से इलेक्ट्रिक लोडिंग और सवारी गाड़ियां बेची जा रही हैं। जिसकी शिकायत बीते दिनों जिला परिवहन अधिकारी से की है। मामले में परिवहन विभाग जांच कर रहा है।

### क्या है पूरा मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रूद्र मोटर्स जिसके संचालक कृष्णा तिवारी द्वारा पिछले कुछ महीनों में लगभग 25 से 30 ई-परिवहन लोडिंग और सवारी गाड़ियां बेची गई हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इन शोरूमों के पास आरटीओ ट्रेड सर्टिफिकेट ही नहीं है। वाहनों का रजिस्ट्रेशन न करवाने में शोरूम संचालक कथित रूप से राशि में कुछ रुपयों की छूट का लालच देकर काम कर रहे हैं। आलम यह है कि अब ये सभी ई रिक्शा शहर में धड़ल्ले से घूम रहे है।

### राजस्व को चपत उपभोक्ताओं से छल

टैक्स की चोरी के इरादे से बेचे गए किसी भी वाहन का रोड टैक्स सरकारी खजाने में जमा नहीं किया गया है, जो सीधे तौर पर शासन के राजस्व की हानि है। ये राजस्व थोड़ा बहुत नहीं बल्कि लाखों में होने की संभावना है। सोचने वाली बात यह भी है कि शहर में बेधडक घूम रहे इन वाहनो पर स्थानीय प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई क्यो नही की, जबकि ये वाहन पूरे शहर में दिन रात घूमते हुए देखे जा सकते है।

### बिना रजिस्ट्रेशन संचालन

सड़कों पर दौड़ रहे इन वाहनों का कोई आधिकारिक रजिस्ट्रेशन (नंबर प्लेट) नहीं है। प्रारंभिक रूप से देखने में ऐसा लगता है कि नया वाहन है तो अभी नंबर प्लेट नहीं आई होगी, लेकिन ये नंबर प्लेट कभी आएगी ही नहीं क्योंकि उनका आरटीओ में रजिस्ट्रेशन नहीं है।

### सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह?

बिना रजिस्ट्रेशन और बीमे के ये ई रिक्शा वाहन सड़कों पर सवारियां ढो रहे हैं और भारी सामान लाद रहे हैं। यदि कोई दुर्घटना होती है, तो उपभोक्ता को कोई कानूनी सुरक्षा या बीमा क्लेम नहीं मिल पाएगा। यह भोले-भाले उपभोक्ताओं के साथ धोखा है। बिनादस्तावेजों के वाहन बेचना गैर-कानूनी होने के साथ सड़क सुरक्षा के नियमों की खुली अवहेलना है।

### कार्रवाई की मांग...

जनहित में इस मामले की तत्काल जांच होनी चाहिए। शोरूम के स्टॉक और बेचे गए वाहनों के रिकॉर्ड को खंगालना आवश्यक है ताकि भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी या वित्तीय धोखाधड़ी से बचा जा सके। अब देखना यह है कि परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन इस 'अवैध' कारोबार पर कब और क्या कार्रवाई करता है?

### इनका कहना है

.हमने बहुत सारे ई रिक्शा बेचे हैं लेकिन कुछ ही वाहनों के रजिस्ट्रेशन आरटीओ विभाग में पेंडिग है। टैक्स चोरी जैसी कोई बात नहीं है।

**कृष्णा तिवारी, संचालक रुद्र मोटर्स**

इटारसी के रुद्र मोटर्स की बिना आरटीओ रजिस्ट्रेशन वाहन बेचने की शिकायत आई है। जांच कर रहे हैं। ।

**रिंकू शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी**

## पेंशनर दिवस पर 80 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज इटारसी



पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन तहसील शाखा इटारसी और भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। मालवीय गंज स्थित मदर टेरेसा हाई स्कूल प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज और संगठन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया।

समारोह में डॉ. रामशंकर चौरे को विशिष्ट पेंशनर सम्मान से नवाजा गया। डॉ. चौरे सेवानिवृत्ति के बाद मेकलसुता आईटीआई का कुशल संचालन करने के साथ-साथ धर्म, अध्यात्म और योग के माध्यम से जनजागरण कर रहे हैं। इस गौरवशाली क्षण पर उनके भाई रामकिशोर चौरे सेवानिवृत्त वन मंडलाधिकारी और उनके पुत्र पंकज चौरे नगरपालिका अध्यक्ष सहित परिवार के सदस्य व प्रशंसक उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग पेंशनरों और नवागत सदस्यों का सत्कार

तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश पटैल ने बताया कि कार्यक्रम में 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। विशेष रूप से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त 93 वर्षीय एसएल भारती का सम्मान कार्यक्रम का सबसे भावुक पल रहा। इसके अलावा, वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों का भी स्वागत कर उन्हें एसोसिएशन की सदस्यता दिलाई गई। **विशेषज्ञों ने दी जानकारी और एकजुटता का संदेश:** भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक सुजीत कुमार ने पेंशनरों को बैंक की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी और साइबर अपराधों से बचने के तरीके साझा किए। रेलवे फेडरेशन के एके पाराशर ने पेंशनर दिवस के इतिहास और डीएस नकारा के संघर्षों को याद किया। जिलाध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी ने भविष्य की चुनौतियों के लिए एकजुट रहने और प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने आपसी समन्वय व सहयोग पर बल दिया। संचालन रामचरन नामदेव ने किया एवं आभार प्रदर्शन एसके सचान ने किया। इस अवसर पर रुपेन्द्र गौर, जेपी सोनी, राजेंद्र गुप्ता, सुरेश रघुवंशी, शकुंतला आचार्य, हंसा कपूर सहित बड़ी संख्या में पेंशनर मौजूद थे।

## मानसिक स्वास्थ्य टास्क फोर्स की पहली बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज इटारसी



शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार और अवसाद (डिप्रेशन) रोकने के लिए गठित 'महाविद्यालय स्तरीय टास्क फोर्स' की पहली बैठक संपन्न हुई। प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार छात्र कल्याण पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्राचार्य डॉ. मेहता ने कहा कि माता-पिता अक्सर अपनी महत्वाकांक्षाएं बच्चों पर थोपते हैं, जिससे छात्र तनाव में आ जाते हैं। एसडीओपी वीरेंद्र मिश्र ने सुझाव दिया कि विद्यार्थियों में संघर्ष करने की क्षमता विकसित करनी चाहिए ताकि तनाव हावी न हो सके। जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन ने कक्षाओं में उपस्थिति और समस्या निवारण हेतु शिकायत पेटी लगाने पर जोर दिया। वहीं, डॉ. राकेश चोलकर ने छात्रों के लिए अध्यात्म और ध्यान सत्रों की आवश्यकता बताई।

महिला बाल विकास अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने शिक्षकों को छात्रों के साथ मित्रवत व्यवहार करने की सलाह दी। बैठक में एसडीएम निलेश कुमार शर्मा, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्र, सीएमओ रितु मेहरा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और समिति सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पवन कुमार अग्रवाल ने किया।

## वर्मा कॉलोनी में मां-बेटी की दबंगई, महिलाओं ने थाने में दी एफआईआर की तहरीर, कुछ दिन पहले किया था चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज इटारसी



वार्ड 2 स्थित वर्मा कॉलोनी में दो महिलाओं के आतंक से रहवासी खौफजदा हैं। कॉलोनी की महिलाओं ने शुक्रवार को पुलिस थाना इटारसी पहुंचकर दीपा सूरी और सरला सूरी के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने और अभद्रता करने की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। आवेदिका प्रभा तिवारी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि ये मां-बेटी न केवल गंदगी फैलाती हैं, बल्कि विरोध करने पर मर्डर करवाने की खुली धमकी देती हैं।

### गंदगी फेंकने से शुरू हुआ था विवाद

शिकायतकर्ता प्रभा तिवारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत तब हुई जब उन्होंने दीपा और सरला सूरी द्वारा घर के सामने गंदगी फेंकने का विरोध किया। आरोप है कि 18 दिसंबर को सुबह 8 से 10 बजे तक दोनों महिलाओं ने प्रभा तिवारी को गंदी-गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। दोपहर करीब 12 बजे जब प्रभा तिवारी अपनी पड़ोसी तिवारी के घर गई थीं, तब दीपा और सरला ने उन पर पाइप से पानी फेंका और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। वहां मौजूद प्रभा तिवारी, श्रीमती तिवारी और कटियार मैडम को आरोपियों ने धमकी देते हुए कहा कि गुंडों को पैसे देकर तुम तीनों का मर्डर करवा दूंगी और हाथ कटवा दूंगी।

### कॉलोनी निवासी परेशान चेतावनी बेअसर

तहरीर में उल्लेख किया गया है कि दीपा सूरी और सरला सूरी आए दिन पूरी कॉलोनी के लोगों के साथ अभद्रता करती हैं। जो भी उनके घर के सामने से निकलता है, उसे गंदी गालियां दी जाती हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व इन्हीं महिलाओं से परेशान होकर कॉलोनीवासियों ने चक्काजाम किया था। उस दौरान तहसीलदार सुनीता साहनी ने मौके पर पहुंचकर दोनों महिलाओं को नोटिस जारी किया था और चेतावनी दी थी कि दोबारा ऐसी शिकायत मिलने पर कठोर कानूनी कार्रवाई होगी। इसके बावजूद आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और उनकी गुंडागर्दी जारी है।

### अब होगी आरपार की लड़ाई

वर्मा कॉलोनी की महिलाएं अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने दीपा और सरला सूरी पर कार्रवाई नहीं की, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। अब क्षेत्रवासियों की नजरें पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। महिलाएं छुटकारे की आस में है।

## कानपुर-मुंबई स्पेशल ट्रेन 22 दिसंबर से इटारसी होकर चलेगी

हरिभूमि न्यूज इटारसी



दिसंबर माह में यात्रियों की भारी भीड़ और वेटिंग लिस्ट को देखते हुए रेलवे ने कानपुर सेंट्रल और लोकमान्य तिलक टर्मिनल मुंबई के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी इटारसी जंक्शन होकर गुजरेगी, जिससे स्थानीय यात्रियों को भी मुंबई और उत्तर प्रदेश की ओर जाने के लिए अतिरिक्त सीट उपलब्ध हो सकेंगी।रेलवे प्रशासन के अनुसार, यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 02-02 ट्रिप लगाएगी।

गाड़ी संख्या 04119 कानपुर से मुंबई ट्रेन सोमवार, 22 एवं 29 दिसंबर को कानपुर सेंट्रल से दोपहर 13.00 बजे रवाना होगी। अगले दिन तड़के 03.30 बजे इटारसी पहुंचकर यह दोपहर 14.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04120 मुंबई से कानपुर वापसी में मंगलवार, 23 एवं 30 दिसंबर को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से शाम 16.55 बजे प्रस्थान करेगी।

अगले दिन सुबह 06.00 बजे इटारसी आगमन के बाद रात 20.30 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। इन स्टेशनों पर होगा ठहराव यात्रा के दौरान यह स्पेशल ट्रेन फतेहपुर, सिराथू, भरवारी, प्रयागराज, मानिकपुर, सतना, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नासिक और कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए इस ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए गए है।

## पॉलीटेक्निक अतिथि व्याख्याताओं से बोले विधायक, सीएम से कराऊंगा मुलाकात

हरिभूमि न्यूज इटारसी



प्रदेश के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में अपनी सेवाओं की सुरक्षा को लेकर संघर्ष कर रहे अतिथि व्याख्याताओं को विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा का बड़ा समर्थन मिला है। गुरुवार को पॉलीटेक्निक अतिथि व्याख्याता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक शर्मा से मुलाकात कर अपनी समस्याओं का पुलिंदा सौंपा।

ज्ञापन स्वीकार करते हुए डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि अतिथि व्याख्याताओं द्वारा उठाई गई मांगें पूरी तरह उचित और तार्किक हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे जल्द ही संघ के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात मुख्यमंत्री से करवाएंगे, ताकि कैबिनेट स्तर पर इन विषयों पर चर्चा कर ठोस निर्णय लिया जा सके।गेट भर्ती प्रक्रिया रोकने की मांगसंघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पस्तारिया ने विधायक को बताया कि वर्तमान में विभाग द्वारा अपनाई जा रही गेट आधारित भर्ती प्रक्रिया से अनुभवी अतिथि व्याख्याताओं के भविष्य पर तलवार लटक गई है।

संघ ने मांग की है कि वर्तमान गेट भर्ती प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगे। अतिथि व्याख्याताओं को 12 माह का फिक्स वेतन और 65 वर्ष तक जॉब सिक्योरिटी दी जाए। किसी भी कार्यरत व्याख्याता को बाहर न निकाला जाए। फालआउट साथियों और अल्प मानदेय 400 रुपए पर काम कर रहे शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित हो। इस दौरान ऋषभ पस्तारिया, नावेद अख्तर, अंकित मिश्रा, आशीष, पल्लवी, हेमलता, शिवांगी और नैनी पटेल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## पटेल सेवा समिति ने शुरू किया पारिवारिक गणना अभियान

हरिभूमि न्यूज इटारसी

सामाजिक संस्था सरदार वल्लभभाई पटेल समाज सेवा समिति ने सामाजिक पारिवारिक गणना अभियान का शंखनाद किया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित करना और एक विस्तृत डेटाबेस तैयार करना है। समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार महालहा और संरक्षक सुरेश चिमानिया ने बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी परिवारों तक गणना फॉर्म पहुंचा दिए हैं।

इन फॉर्मों को जमा करने की अंतिम तिथि 14 जनवरी निर्धारित की गई है। गणना पूर्ण होने के बाद एक विशेष स्मारिका प्रकाशित की जाएगी, जिसमें समाज की कुल जनसंख्या के साथ-साथ विवाह योग्य युवक-युवतियों का विवरण प्रमुखता से दिया जाएगा। परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह पारिवारिक गणना के डेटा के आधार पर समिति आगामी समय में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह करेगी। अध्यक्ष अरुण कुमार महालहा ने कहा कि इस अभियान का मूल उद्देश्य समाज को एकजुट करना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, एकजुट समाज ही अपनी सामाजिक शक्ति का आभास राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में करा सकता है। समिति ने समस्त पटेल समाज के परिवारों से इस गणना अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की है

## किराना व्यापार महासंघ की कार्यकारिणी घोषित मुकेश जैन अध्यक्ष और प्रमेश जैन बने सचिव

हरिभूमि न्यूज इटारसी



शहर के किराना व्यापारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई, जिसमें संगठन की मजबूती और व्यापारियों के हितों के संरक्षण के लिए किराना व्यापार महासंघ की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मुकेश जैन को अध्यक्ष और प्रमेश जैन को सचिव मनोनीत किया गया।

संगठन में कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुदर्शन अग्रवाल, संगठन मंत्री मनोहर सुंदरानी, मीडिया प्रभारी नवनीत कोहली, विधि सलाहकार अरविंद गोइल, सहसचिव रवि साजवानी। महासंघ ने छह उपाध्यक्षों की नियुक्ति की है, जिनमें बसंत लालवानी, अशोक खंडेलवाल, जगदीश खंडेलवाल, सुधीर दुबे, अतुल जैन और सुरेंद्र अग्रवाल शामिल हैं।

संस्था के मार्गदर्शन के लिए एक सशक्त संरक्षक मंडल बनाया गया है, जिसमें चंद्रभान सिंगवानी, कर्मवीर गांधी, मनोहर भारद्वाज, श्रीप्रकाश भारद्वाज, भारतभूषण गांधी, गिरधारी बांगड़, संजय जैन, धर्मेश सिंघवी और पंकज राठौर को शामिल किया गया है।

12 सदस्यीय कार्यकारी सदस्य टीम में प्रकाश गुजरानियाँ, मोहनदास लालवानी, प्रकाश मोदी, शैलेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, मोनेको अग्रवाल, शंकर लालवानी, देवेंद्र सिंह जुनेजा (कर्नल), संजय लालवानी, विकास चेलानी, मुकेश महेश्वरी और राहुल लालवानी शामिल हैं।

**व्यापारिक एकता पर जोरः** नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महासंघ का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण करना और आपसी समन्वय को बढ़ावा देना है। हम इसी ध्येय को लेकर कार्य करेगे।

### गांधी स्मृति हॉकीः छटे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया उत्कृष्ट कौशल

# रोमांचक भिड़ंत में प्रयागराज, जालंधर और बिलासपुर की जीत

हरिभूमि न्यूज इटारसी



अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता के छठे दिन मैदान पर खेल का उच्च स्तर देखने को मिला। स्थानीय खेल मैदान पर खेले गए तीन प्रमुख मुकाबलों में टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल चौरे और स्वागत समिति अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे की देखरेख में आयोजित इन मैचों में गणमान्य अतिथियों ने खिलाडिय़ों का मनोबल बढ़ाया।

**प्रथम मुकाबलाः** एनसीआर प्रयागराज विरुद्ध पनपोष राउरकेला ओडिशा के मध्य हुआ। प्रयागराज 3-1 से विजयी रही। दिन का पहला मैच बेहद संघर्षपूर्ण रहा। पहले क्वार्टर में प्रयागराज ने आक्रामक शुरुआत कर कई शॉर्ट कॉर्नर हासिल किए, लेकिन गोल करने में असफल रही। खेल के 17 वें मिनट में राउरकेला ने शॉर्ट कॉर्नर का लाभ उठाते हुए पहला गोल कर 1-0 की बढ़त बना ली। इसके जवाब में 23वें मिनट में प्रयागराज के प्रभजोत ने मैदानी गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया। खेल के अंतिम भाग में प्रयागराज के शोएब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे और अपनी टीम को 3-1 से निर्णायक जीत दिला दी। निर्णायक की भूमिका बृजेश यादव और पवन कुमार ने निभाई। **द्वितीय मुकाबलाः** आर्मी ग्रीन जालंधर विरुद्ध महाराष्ट्र एकादशदूसरे मैच में जालंधर की टीम का दबदबा रहा। टीम के खिलाड़ी रमनदीप ने मैच की दिशा तय की। रमनदीप ने एक के बाद एक तीन शानदार गोल दागकर अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। महाराष्ट्र की ओर से आदित्य ने एक गोल कर अंतर कम करने का प्रयास किया, लेकिन जालंधर ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर स्कोर 4-1 कर दिया। मध्यांतर हाफ टाइम के बाद कोई और गोल नहीं हो सका और जालंधर ने जीत दर्ज की। मैच के निर्णायक सौरभ गुप्ता एवं सुनील गुप्ता रहे। **तृतीय मुकाबलाः** एसईसीआर बिलासपुर विरुद्ध एससीआर सिकंदराबाददिन का अंतिम मुकाबला सबसे रोमांचक रहा। 14वें मिनट में बिलासपुर के एजाज ने मैदानी गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, जो मध्यांतर तक बनी रही। मैच के तीसरे हिस्से में सिकंदराबाद के मनीष कुमार ने गोल दागकर स्कोर 1-1 की बराबरी पर ला दिया। जब मैच बराबरी पर समाप्त होता दिख रहा था, तभी अंतिम क्षणों में बिलासपुर के प्रशांत ने निर्णायक गोल दागकर अपनी टीम को 2-1 से रोमांचक जीत दिला दी। मैचों के दौरान खिलाडिय़ों का उत्साह बढ़ाने हेतु नपाध्यक्ष पंकज चौरे के साथ जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, अनिल मिहानी, संजय मिहानी, सुरेन्द्रपाल सिंह भाटिया, रोहित बावेजा, पार्षद राकेश जाधव, हरप्रीत छाबड़ा और संजय दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष पांडेय ने किया नर्मदापुरम शहर के क्षेत्रों का दौरा

हरिभूमि न्यूज इटारसी



जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडेय ने नर्मदापुरम शहर के अनेक वरिष्ठ कांग्रेस जनों के निवास स्थान पर पहुंचकर उनसे जिले की राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओम सेन, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने नर्मदापुरम पहुंच कर नर्मदापुरम नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष अनोखी लाल राजोरिया एवं पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के साथ नर्मदापुरम शहर के वार्ड क्रमांक 19 आदमगढ़ तिवारी कॉलोनी में आयोजित भागवत कथा में महाराज के श्री मुख से भागवत कथा का आनंद लिया। जिसके बाद उन्होने जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप ठाकुर के प्रतिष्ठान पर पहुंच कर वरिष्ठ कांग्रेसजनों से चर्चा की। साथ ही नवनियुक्त नगर अध्यक्ष कमलेश बाथरे को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसी क्रम में वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता रज्जू मिश्रा एवं शैलेंद्र श्रीवास्तव के निवास पहुंचे एवं जिले की राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा कर उनके अनुभवों का लाभ लिया।

### जाहिर सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सोनासांवरी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम, में स्थित 'निर्माण श्री बिल्डर्स' ई. डब्लू. एस. श्रेणी हेतु 15 भूखंडों को आरक्षित किया गया है जिसमें इस सुचना पत्र के माध्यम से प्रकाशन कराया जा रहा है कि समस्त पात्र व्यक्ति इस प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 04 दिवस के अन्दर अपना आवेदन, निर्माण श्री बिल्डर्स में आकर प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को ई. डब्लू. एस. की श्रेणी में आना अनिवार्य होगा।

**निर्माण श्री बिल्डर्स**
**गेट नंबर-1, साई फॉर्च्यून सिटी सोनासावरी, इटारसी 461111 (म.प्र.) मो.:9301508709**

### जाहिर सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सोनासांवरी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम, में स्थित 'भव्य बिल्डर्स' ई. डब्लू. एस. श्रेणी हेतु 11 भूखंडों को आरक्षित किया गया है जिसमें इस सुचना पत्र के माध्यम से प्रकाशन कराया जा रहा है कि समस्त पात्र व्यक्ति इस प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 04 दिवस के अन्दर अपना आवेदन, भव्य बिल्डर्स में आकर प्रस्तुत कर सकते है । आवेदन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को ई. डब्लू. एस. की श्रेणी में आना अनिवार्य होगा।

**भव्य बिल्डर्स**
**दुकान नंबर-52, साई फॉर्च्यून सिटी फेज-2, सोनासावरी, इटारसी जिला- नर्मदापुरम (म.प्र.) 9301508709**

## खबर संक्षेप

### 50 साल के व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**हरदा।** टिमरनी तहसील मुख्यालय पर शुक्रवार को 50 वर्षीय एक व्यक्ति ने जहरीली दवाई का सेवन कर खुदकुशी कर ली। जिला अस्पताल हरदा पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार, टिमरनी के वार्ड नंबर 8 निवासी आनंद सिंह सोलंकी (50) ने सुबह अपने घर पर सल्फॉस का सेवन कर लिया था। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें टिमरनी अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल हरदा रेफर किया गया। मृतक के दूसरे बेटे राहुल सोलंकी ने बताया कि उनके पिता एक ठेकेदार के यहां सुपरवाइजर का काम करते थे। पिछले तीन महीनों से नौकरी छूट जाने के कारण वे डिप्रेशन में थे। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान का दौरा 21 को

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 दिसंबर को दोपहर 2 बजे बुधनी स्थित सेंट्रल फार्म मशीनरी ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट पहुंचेंगे। वे 3:30 बजे सलकनपुर पहुंचेंगे और पीएचई तथा पीडब्ल्यूडी के लोकार्पण एवं भूमिपूजन में शामिल होंगे।

### टिमरनी महाविद्यालय की जनभागीदारी की सामान्य परिषद की बैठक संपन्न

# विद्यार्थियों को खेल के प्रति जागरूक करने व आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शासकीय भाऊ साहब भुस्कुटे महाविद्यालय, टिमरनी में जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक पदेन अध्यक्ष एवं कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनभागीदारी समिति के प्रभारी डॉ. अरुण कुमार सिकरवार ने महाविद्यालय में विगत वर्षों में संपादित कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति से सदस्यों को अवगत कराते हुए वर्तमान बैठक के प्रस्तावित बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इन बिन्दूओं पर उपस्थित सदस्यों द्वारा सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर ने महाविद्यालय के समग्र विकास पर बल देते हुए विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों के प्रति जागरूक करने, आधुनिक खेल सुविधाओं के विस्तार, डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने तथा रोजगारोन्मुखी एवं कंप्यूटर आधारित पाठ्यक्रमों को सशक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ खेल अधोसंरचना से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना एवं शारीरिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि महाविद्यालय में कार्यरत सभी नियमित प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, जनभागीदारी समिति के अंतर्गत कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारी अपनी दैनिक उपस्थिति सार्थक ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी के लिए न्यूनतम 6 घंटे की उपस्थिति अनिवार्य होगी, जिसे अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा। सार्थक ऐप में दर्ज उपस्थिति को कार्य अनुशासन, दायित्व निर्वहन, गोपनीय चरित्रावली संधारण एवं भविष्य में मानदेय निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार माना जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि नियमित कर्मचारियों की भांति जनभागीदारी समिति के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की गोपनीय चरित्रावलियों का विधिवत संधारण किया जाए तथा उनके कार्य निष्पादन, नियमितता एवं अनुशासन के आधार पर मानदेय का निर्धारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पारदर्शिता एवं जवाबदेही स्थापित हो सके।

बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.के. जैन, जनभागीदारी समिति सदस्य गायत्री गोयल पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, राजेश जैन, हिमांशु बंसल, अरुण कुमार तिवारी, मुकेश शांडिल्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य की ओर से प्रतिनिधि मनीष सोनकिया तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य की ओर से प्रतिनिधि डॉ. मुकेश कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे। बैठक में महाविद्यालय के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रमुख निर्णयों में विगत वर्षों के कार्यों की समीक्षा, खेल मैदान के समतलीकरण का प्रस्ताव, नवीन पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बी.ए. में संस्कृत एवं अंग्रेजी साहित्य विषय प्रारंभ करने पर चर्चा शामिल रही। साथ ही जनभागीदारी समिति के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सदस्यों द्वारा सकारात्मक सहमति व्यक्त की गई। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं भौतिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के शुल्क में प्रतीकात्मक वृद्धि का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के अंत में डॉ. सुनीत काशिव ने सभी अतिथियों, जनभागीदारी समिति के सदस्यों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिससे महाविद्यालय के शैक्षणिक, खेलकूद एवं आधारभूत संरचना विकास को नई दिशा मिलने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

### यातायात व्यवस्था में बदलाव

# करनी सेना का हरदा में आंदोलन कल होगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

हरदा में कल रविवार को करणी सेना के जन क्रांति आंदोलन के कारण नेहरू स्टेडियम और आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने इस संबंध में नए मार्ग निर्धारित किए हैं। मालूम हो कि करणी सेना आगामी 21 दिसंबर रविवार को जिला मुख्यालय पर जनक्रांति आंदोलन करने वाली है। इस आंदोलन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट पर है। गुरुवार शाम को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कलेक्ट्रेट परिसर में किसी भी तरह के ज्ञापन देने या रैली प्रदर्शन पर रोक लगाने के आदेश जारी किए। शुक्रवार को राजपूत छात्रावास में करणी सेना के पदाधिकारियों ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर आंदोलन की रणनीति साझा की। करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह राजपूत ने बताया कि उनके आंदोलन को 17 से अधिक संगठनों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने जुलाई माह में करणी सेना के सदस्यों पर हुई कथित बर्बरता के दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग भी दोहराई। राजपूत ने दावा किया कि यह आंदोलन जिले का अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन होगा। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आंदोलन शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आयोजित किया जाएगा। जिसमें करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। करणी सेना के पूर्व संगठन मंत्री शैलेंद्र सिंह झाला का कहना है कि एससी एसटी संगठनों के हमारी कुछ मांगो को लेकर विरोध किया गया है। हम उन्हें स्पष्ट करना चाहते है कि हमारा आरक्षण को लेकर किसी तरह का कोई विरोध नहीं है। हम आर्थिक आधार पर सरकार से आरक्षण की मांग कर रहे हैं। वहीं आरक्षित वर्ग के जिन लोगों ने सालों से आरक्षण का लाभ लेकर वह अब सक्षम हो गए हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए।

#### शुभ मुहूर्त में पूजन

जिला प्रशासन ने करणी सेना को आयोजन के तीन दिन पहले यानी गुरुवार शाम को शहर के नेहरू स्टेडियम पर आंदोलन करने की परमिशन दी है। शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित मुरलीधर व्यास के मार्गदर्शन में पूजन किया गया।जिसमें पूरे प्रदेश से हजारों लोगों के साथ साथ महिलाओं और बच्चों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही हैं।

#### ऐसा होगा शहर का नया यातायात रूट

हरदा में रविवार को करणी सेना के जन क्रांति आंदोलन के कारण नेहरू स्टेडियम और आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने इस संबंध में नए मार्ग निर्धारित किए हैं। ट्रैफिक थाना प्रभारी उमेश सिंह ठाकुर ने बताया कि रविवार को होने वाले इस आंदोलन में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है, जिससे नेहरू स्टेडियम और आसपास के इलाकों में भारी भीड़ हो सकती है। सामान्य नागरिकों को असुविधा से बचाने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। हरदा से छिपानेर की ओर जाने और आने वाले वाहन अस्पताल तिराहा, नई सब्जी मंडी मार्ग, प्रताप टॉकीज मार्ग, बायपास चौराहा होते हुए छिपानेर चौक का वैकल्पिक मार्ग उपयोग कर सकेंगे। खंडवा की ओर से इंदौर या नर्मदापुरम-बैतूल की ओर जाने वाले वाहनों के लिए खेड़ीपुरा चौराहा, बायपास चौराहा, पुलिस लाइन हरदा और फोरलेन बायपास रोड का उपयोग करना होगा। इसी तरह, नर्मदापुरम और बैतूल की ओर से आने वाले वाहन उड़ा फोरलेन ब्रिज का उपयोग करते हुए छोटी हरदा ब्रिज से बजाज शोरूम, चित्रा इमली तिराहा और बायपास चौराहा होते हुए खंडवा रोड पर जा सकेंगे। यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से नेहरू स्टेडियम क्षेत्र की ओर आने से बचें। सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी असुविधा के लिए यातायात पुलिस थाना के फोन पर संपर्क किया जा सकता है।

### संपूर्ण सुकन्या जिला-हरदा अभियान के तहत बैठक संपन्न

# सुकन्या समृद्धि योजना के उद्देश्य पर चर्चा की




**हरदा।** संपूर्ण सुकन्या जिला - हरदा अभियान के तहत जिला पंचायत कार्यालय में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गेहलोत सहित सभी सदस्यों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

सुकन्या समृद्धि योजना के उद्देश्य, पात्रता, सामाजिक-आर्थिक महत्व तथा जिले में इसके व्यापक क्रियान्वयन की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा इस पहल की सराहना करते हुए इसे बालिकाओं के सुरक्षित एवं सशक्त भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। डाक निरीक्षक अमित कुमार व्यास ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि हरदा को 26 जनवरी 2026 से पहले ह्लसंपूर्ण सुकन्या जिलाह्ल घोषित कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उन्होंने सभी विभागों के बीच समन्वय और सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधियों ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी पात्र बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते अनिवार्य रूप से खुलवाएँ। ताकि प्रत्येक बेटी को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर भविष्य प्रदान किया जा सके। बैठक के अंत में सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# पशुपालकों को दिए उन्नत डेयरी के मंत्र

### प्रमुख सचिव ने दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का किया निरीक्षण



**हरदा।** मध्य प्रदेश शासन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने गुरूवार को हरदा जिले का दौरा कर दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण के तहत हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होने विकासखंड हरदा के ग्राम हरदाखुर्द और विकासखंड टिमरनी के ग्राम सोडलपुर में पशुपालकों से सीधा संवाद किया। भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव ने हरदाखुर्द के पशुपालक मोहन चोयल और सोडलपुर के पशुपालक संतोष पटेल व अतुल पटेल से मुलाकात की। उन्होंने विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा अभियान के तहत दी जा रही जानकारियां के बारे में जानकारी ली। श्री उमराव ने पशुपालकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि पशु स्वास्थ्य, पोषण और नस्ल सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जाए, तो पशुपालन एक अत्यंत लाभदायक व्यवसाय बन सकता है। उन्होंने बताया कि शासन ने पशुपालकों के मार्गदर्शन हेतु 4 विशेष वीडियो तैयार की हैं, जिन्हें देखकर आधुनिक पशुपालन की बारीकियां सीखी जा सकती हैं।

सोडलपुर में भ्रमण के दौरान जब पशुपालकों ने दुग्ध समितियों द्वारा दूध के पर्याप्त दाम न मिलने की समस्या उठाई, तो प्रमुख सचिव ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने प्रबंध संचालक, म.प्र. दुग्ध महासंघ भोपाल इस मामले का परीक्षण करने और उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, सीईओ जनपद पंचायत हरदा विश्वजीत पाटीदार, सीईओ जनपद पंचायत टिमरनी चेतना पाटील, जिला खनिज अधिकारी प्रगति सोनवाने और पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ. अजय रामटेके सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### नियम विरुद्ध आदेश जारी करने का आरोप लगाया

# प्राथमिक शिक्षकों को जनशिक्षकों का प्रभार सौंपने के मामले पर विवाद




हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

जिला शिक्षा केंद्र खरगोन आए दिन अपनी विवादास्पद कार्यप्रणाली और शासन के आदेशों की अवहेलना के आरोपों से सुर्खियों में रहता है। इन दिनों संपूर्ण जिले में प्राथमिक शिक्षकों को जनशिक्षकों का अस्थाई प्रभार सौंपने के मामले को लेकर विवादों में है और उच्च स्तरीय दल द्वारा जांच की मांग तूल पकड़ने लगी है। जिला शिक्षा केंद्र के डीपीसी खेमराज सेन ने पिछले दिनों इस आशय का आदेश जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि विभागीय गतिविधियां प्रभावित होने से उक्त नियुक्तियां की गई है,जिसकी मांग जिले के विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयकों द्वारा की जा रही थी। इसलिए समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिले में दो बार काउन्सलिंग की गई, लेकिन पात्र शिक्षक नहीं मिल रहे थे। फ़लस्वरुप प्राप्त आवेदनों के आधार पर उक्त अस्थाई कार्य प्रभार दिया गया है।

#### झिरन्या में दिया 19 को प्रभार

इस अंचल में 19 प्राथमिक शिक्षकों को प्रभार दिया गया है, इनमें कैलाश चौहान (करान्या), दिनेश ठाकुर एवं कुशल मंडलोई (शिवना), पियुष गंगराडे एवं लोकपाल तोमर (मिटावल), विकम डाबर (चैनपुर), गंगाराम खोडे एवं छोगालाल डाबर (झिरन्या) रूमसिंह जाधव एवं प्रभुदयाल मंडलोई (हेलापडावा), शेरसिंह मोरे एवं रामेश्वर मुजाल्दे (चिरिया), राजाराम सोलंकी (पाडल्या), प्रदीप बघेल एवं नानसिह वास्कले (बोरवाल), मदन जाधव,भूरला सोनवानी (कोटबेडा), नरेन्द्र गौड एवं रूपसिंह तंवर राजपुरा हैं।

#### जनशिक्षक पहुंच जाते हैं खरगोन

विडंबना है कि जनशिक्षक बनाए जाने के बाद अधिकांश शिक्षक खरगोन में निवासरत है। इनमें से कतिपय जनशिक्षक कभी-कभार ही क्षेत्र में दिखाई देते हैं,इसका दुष्प्रभाव आदिवासी छात्र-छात्राओं के भविष्य पर हो रहा है। इसके अलावा इसके पूर्व जिन जनशिक्षकों को हटाया गया था,उसके बाद उन्होंने कितने दिनों तक स्कूलों में अध्यापन कार्य कराया और उनके वेतन का आहरण कैसे होता रहा? यह जांच का विषय है। आमतौर पर यह भी होता रहा है कि इन शिक्षकों की अध्यापन में अरुचि और गैर शिक्षकीय-कार्यों में अत्यधिक रूचि दिखाई है।

#### शिक्षक नहीं, अतिथियों के भरोसे स्कूल

वहीं उन्हें नियमों के विपरीत मनमाने ढंग से इच्छित स्थानों पर पदस्थ किया गया है। जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी के बावजूद वहां से हटाकर समतल क्षेत्रों में और कुछ को अपने गृह-ग्राम आसपास पदस्थ किया गया है। वहीं,इनके स्थान पर अन्य पदस्थापना नहीं होने से शिक्षकों की कमी अथवा अतिथियों के भरोसे स्कूल संचालित हो रहें हैं।

#### इनका कहना है...

शासन के आदेश की अवहेलना कर नियमों के विरुद्ध उक्त आदेश जारी किया गया है। इसी तरह जिन शिक्षकों के अटैचमेंट निरस्त किये गए थे,उन्हीं की पुनः पदस्थापना और माध्यमिक के स्थान पर प्राथमिक शिक्षकों को प्रभार देने सहित अन्य अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए। वे कलेक्टर से मुलाकात कर,उन्हें सम्पूर्ण स्थिति से अवगत करावेंगे।

**मनोज जायसवाल**, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष, शिक्षा समिति जनपद पंचायत झिरन्या

सर्व शिक्षा अभियान में कार्य संचालन हेतु व्यवस्था-स्वरुप शिक्षकों को जनशिक्षकों का अस्थायी प्रभार सौंपा है। जिले में दो बार काउन्सलिंग में पात्र शिक्षकों के नहीं मिलने से प्राप्त आवेदनों के आधार पर जारी आदेश में शासन के नियमों का पालन किया गया है।

**खेमराज सेन** डीपीसी, जिला शिक्षा केंद्र खरगोन

जनशिक्षकों से रिक्त हुई कुछ स्कूलों में अतिथि शिक्षक नियुक्त किये गए हैं। उन्हें नियमित रूप से स्कूलों में उपस्थित रहकर दो पीरियड अध्यापन कराने के सहायक आयुक्त के निर्देश हैं।

**मनमोहन गुप्ता**, बीईओ,झिरन्या

# बिजली विभाग को 'अंडर एस्टिमेट' करना पड़ा महंगा ठोक दिया भारी जुर्माना

**सीहोर।** अमृत-2 योजना के तहत शहर में पानी की टंकियों का निर्माण कर रही गुजरात की श्याम कंस्ट्रक्शन कंपनी को सीहोर के बिजली विभाग को हल्के में लेना महंगा साबित हुआ। स्थानीय बिजली कंपनी की सतर्कता को 'अंडर एस्टिमेट' कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रही इस बाहरी कंपनी पर विभाग ने छापामार कार्रवाई करते हुए हजारों रुपए का जुर्माना लगाया है।

छापेमारी में पकड़ी गई चोरी बिजली कंपनी की टीम ने बुधवार को निर्माण स्थलों पर औचक दबिश दी। इस दौरान निर्माणाधीन टंकियों पर बिजली चोरी का खुलासा हुआ। सूत्रों के अनुसार विभाग ने नियमों की धज्जियां उड़ाने पर श्याम कंस्ट्रक्शन पर 32 हजार, 52 हजार और 68 हजार रुपए के अलग-अलग जुर्माने लगाए हैं।

#### नहीं लिया कनेक्शन

हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी महत्वाकांक्षी योजना के निर्माण के लिए कंपनी ने न तो स्थायी कनेक्शन लिया और न ही अस्थायी। मीडिया की पड़ताल के दौरान मौके पर मिक्सर मशीन और वेल्डिंग जैसे भारी उपकरण अवैध बिजली से चलते पाए गए। जब कंपनी के प्रतिनिधियों से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने चौंकाने वाला तर्क दिया। कंपनी का दावा है कि नगर पालिका ने उन्हें कहा था कि बिजली कनेक्शन लेने की कोई जरूरत नहीं है। निर्माण कार्य में पश्चिम बंगाल से आए मजदूर लगे हुए हैं, जो दिन-रात इन स्थलों पर काम करते हैं। बिना वैध और सुरक्षित बिजली कनेक्शन के अवैध तारों के बीच काम करना बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है।

# एलआईसी कार्यालय में कर्मचारियों ने लगाए नारे एफडीआई अनुमति देने के खिलाफ किया प्रदर्शन

### बीमा क्षेत्र में विदेशी कंपनियों के लिए अनुमति वापस लो के नारे लगाए



**सीहोर।** बीमा क्षेत्र में एफडीआई की अनुमति का बिल संसद में पेश करने और सौ प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देने का विरोध शुरू हो गया है। भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारियों कर्मचारियों ने यूनियन एआईआईईए के अखिल भारतीय आह्वान पर कार्यालय परिसर में गुरूवार दोपहर जोरदार प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के संयुक्त सचिव राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार स्वदेशी का रागअलापति है और उसकी आड़ में विदेशी कंपनियों को जी भर के देश में आमंत्रित कर रही है। बीमा क्षेत्र में विदेशी कंपनियों को सौ प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देने से बीमा क्षेत्र के राष्ट्रीयकरण को गहरा आघात पहुंच रहा है। अब विदेशी कंपनियां सीधे देश की जनता की गाड़ी कमाई को विदेश लूट कर ले जाएंगी। यह फैसला जनता के खिलाफ पॉलिसी धारकों के खिलाफ है।

देश भर की यूनियन बैंक कर्मचारी भी इस प्रकार के निर्णय का विरोध कर रहे हैं। बीमा अधिकारियों कर्मचारियों का संघर्ष इस विधेयक के वापस होने तक जारी रहेगा। प्रदर्शन में सुरेश चंद्र वशिष्ठ, राकेश राठौर, विजय कमार, सुरेंद्र सिंह यादव, अशोक कुमार, सुमित लाल, हेमलता वशिष्ठ ,बृजलाल पटेल, प्रमिला शास्त्री, माधवी, ध्रुव साहू, विधु,कुशल भारती, लक्ष्मी नारायण, बालमुकुंद, बहादुर सिंह पौडवाल, उमेश कुशवाहा, मयंक जैन, सत्यम सहित काफी संख्या में अभिकर्ता पॉलिसी धारक शाामिल रहे।

### सीहोर से हरदा तक 'जन क्रांति' आंदोलन का शंखनाद

# करणी सैनिकों की पदयात्रा निकली, 21 को हरदा आंदोलन में शामिल होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश में जन अधिकारों की गूँज अब सड़कों पर सुनाई देने लगी है सीहोर के सुप्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम से करणी सैनिकों की एक पदयात्रा का आगाज हुआ, जो हरदा में होने वाले 'जन क्रांति आंदोलन' को लेकर पदयात्रा की जा रही है आस्था और संकल्प के संगम के साथ, कुँवर ललित सिंह सिसोदिया करणी सेना ब्लाक महासचिव और कुँवर कमलेश सिंह राजपूत (थुना) के नेतृत्व में करणी सैनिकों का जत्था हरदा की ओर कूच कर चुका है यात्रा की शुरुआत से पहले बाबा कुबेरेश्वर का आशीर्वाद लिया गया और फिर जोश-ओर-जुनून के साथ ये



काफिला आगे बढ़ा। सीहोर जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान ने अपनी टीम के साथ पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया। तिलक लगाकर और माला पहनाकर उन्होंने करणी सैनिकों को जीत का संकल्प दिलाया जन क्रांति आंदोलन हरदा में लाखों करनी सैनिक 21 सूत्री मांगों को लेकर 21 दिसंबर को हरदा पहुंचेंगे जिसका नेतृत्व करणी सेना प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर करेंगे। यह सिर्फ यात्रा नहीं, जन-जन की आवाज है। 21 दिसंबर को हरदा की धरती पर नया इतिहास रचा जाएगा। इस आंदोलन का मुख्य केंद्र 21 दिसंबर है, जब 21 सूत्रीय मांगों को लेकर लाखों करणी सैनिक हरदा पहुंचेंगे, और सरकार के अधिकारियों के सामने अपनी मांग रखेंगे युवाओं के अधिकार, स्थानीय समस्याएं और क्षेत्र के विकास की मांगों को लेकर यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा,